हरिभूमि छिंदवाड़ा भूमि

जबलपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023

login : www.haribhoomi.com

[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]



## खबर संक्षेप

### आज भाजपा कार्यालय में विशाल स्वास्थ्य शिविर

**छिंदवाड़ा :-** भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में किया जा रहा है। यह शिविर आज सुबह 10.30 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चलेगा । जिसमे नागपुर के कैंसर सर्जन डॉ बोमनवार भी आयेंगे और चिन्हित मरीजों को नागपुर ले जाकर निःशुल्क कैंसर के ऑपरेशन भी किए जायेंगे। इसके अलावा आंखों की जांच, मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन किए जायेंगे। साथ ही हड्डी के रोग एवं ऑपरेशन, होम्योपैथी, फिजियोथेरेपी के माध्यम से क्रोनिक डिजीज का इलाज होगा, निःशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी। इस शिविर में लायंस हॉस्पिटल परासिया तथा नागपुर एवं छिंदवाड़ा के जाने माने सर्जन एवं विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ कृष्ण हरजानी ने सभी छिंदवाड़ा वासियों से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### जनता कालोनी में हुए सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है और ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा श्री कुलदीप सिंह जी के निजनिवास बालाजी पब्लिक स्कूल के पीछे,जनता कॉलोनी छिंदवाड़ा में संगीतमय सुन्दरकाण्ड का महापाठ किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,प्रदीप भारती,अंश पटेल,कैलाश उइके,अनय कसार,रमन पटेल,रिंकू ढोलक मास्टर,उमेश वंशकार, जित्तू यादव,नरेश वंशकार,सागर कसार,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,प्रदीप तिवारी मौजूद रहे।

### गद्दारों की सबूत सहित शिकायत करने पहुंचे जिला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू

# पार्टी से गद्दारी करने वालों का राजनीति भविष्य शून्य : बीडी शर्मा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पिछले दो दिनों से शहर में चल रही भाजपा के दो गुटों की लड़ाई अब छिंदवाड़ा से निकलकर प्रदेश स्तर पर सुर्खियां बंटोर रही है। जिले से भाजपा में विधानसभा में खड़े सभी सातों प्रत्याशी और सभी मंडल के अध्यक्ष अपने सैकड़ों कार्यकर्ता एवं गाड़ियों के साथ भोपाल पहुंच गए।

विगत दिनों छिंदवाड़ा जिले के कुछ समाचार पत्रों के कॉलम का दुरुपयोग कर एडिटिंग करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू को बदनाम करने की नीयत से भाजपा एवं कांग्रेस नेताओं फर्जी और झूठी खबरें सोशल मीडिया पर चलकर छवि खराब करने की कोशिश का विरोध करने भाजपा नेता भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे और विवेक बंटी साहू का समर्थन करते हुए पार्टी के गद्दारों पर कड़ी कार्यवाही की मांग और निष्कासित करने की मांग प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा प्रदेश और महामंत्री हितानंद शर्मा के समक्ष रखी गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निवास पर जिले के सभी विधानसभा के भाजपा मंडल अध्यक्ष विधानसभा प्रभारी विधानसभा संयोजक और पांच विधानसभा के प्रत्याशियों ने विधानसभा चुनाव में पार्टी से गद्दारी करते हुए कांग्रेस को जिताने में सक्रिय रहे तथाकथित नेताओं के विरुद्ध प्रमाण लिखित शिकायत की और ऐसे नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर स्वच्छ भाजपा बनाने की मांग रखी।

कार्यकर्ताओं और नेताओं की मांग सुनकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं के बीच घोषणा की पार्टी का अहित करने वाला कोई भी नेता बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे लोगों का राजनीतिक भविष्य शून्य हो चुका है। प्रदेश भाजपा के समक्ष सभी रिपोर्ट आ चुकी हैं। भाजपा के प्रत्याशियों की रिपोर्ट पर संगठन कार्यवाही करेगा।

रविवार की सुबह सोशल मीडिया पर विवेक बंटी साहू पर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद जिले की राजनीति में जैसे भूचाल आ गया। जहां एक ओर पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान ने स्पष्टीकरण देते हुए अपने आपको बचाते हुए इस मामले से दूर रहने की बात की। वहीं कांग्रेस के स्थानीय नेताओं ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर अनिकेत त्रिपाठी पर झूठा केस बनाने का आरोप मढ़ दिया। वहीं एक ओर आरोपित बलराम विश्वकर्मा की पत्नी ने भी अपने घर पर पत्थर चलाए जाने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। बलराम विश्वकर्मा की पत्नी साधना विश्वकर्मा द्वारा शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज और संपत्ति नुकसान की जानकारी पीड़ित पक्ष से मांगी है। कोतवाली पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इसके बाद ही वह किसी निर्णय पर पहुंच सकेगी।

विदित हो कि भाजपा जिला अध्यक्ष विवेक बंटी साहू के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले आरोपी और पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान के समर्थक माने जाने वाले बलराम विश्वकर्मा के घर शनिवार की शाम को पथराव की घटना की गई थी जिसमें कुछ सफेदपोश नकाबपोश सीसी टीवी कैमरे में देखे गए है।

### इन्होंने की शिकायत, चुनावी हार के लिए जिम्मेदारों पर हो कार्यवाही

भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर उनके राजनीतिक भविष्य से खिलवाड़ किए जाने पर नाराज भाजपा जिला अध्यक्ष और उनकी पत्नी शालिनी साहू द्वारा कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराने के बाद अपने समर्थको के साथ भोपाल पहुंचकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के पास चुनाव में भीतरीघात करने वालों की शिकायत दर्ज की और उन्हें आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन भी प्रदेश अध्यक्ष की ओर से मिला है। प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद बंटी साहू ने पत्रकारवार्ता को भी संबोधित किया और उन्होंने भाजपा के मजबूत संगठन कार्यप्रणाली पर अपना विश्वास बनाए रखते हुए उम्मीद जाहिर की कि जल्द ही दोषियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही प्रदेश भाजपा द्वारा की जा सकती है। शिकायकर्ताओं में महामंत्री परमजीत विज, महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष गरिमा दामोदर, टिकाराम चंद्रवंशी, मोनिका बट्टी, ज्योति डेहरिया, लीना भदौरिया, वैशाली महाले, नितिन खंडेलवाल, नत्थन शाह कवरेती के अलावा बीस मंडल अध्यक्ष भोपाल पहुंचे थे। जिन्होंने पार्टी के साथ गद्दारी करने वाले और भाजपा को विधानसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाने वाले गद्दार नेताओं को आला कमान के सामने सबूत सहित बेनकाब किया है। अगर छिंदवाड़ा में भाजपा की राजनीति को किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचाना है तो प्रदेश संगठन को इन गद्दार नेताओं पर कड़ी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। चुनाव के बाद भाजपा के दो गुटों की लड़ाई इसलिए बढ़ती जा रही है कि प्रदेश भाजपा ने इन गद्दारों पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की है। इसलिए इन गद्दारों के हौसले बुलंद है। अगर इन विश्वासघात करने वालों पर भाजपा संगठन नकेल कसने में सफल नहीं होता है तो भाजपा के लिए यह लड़ाई और भी गंभीर हो सकती है। आने वाले चुनावों के लिए यह बड़े नुकसान का संकेत भी है।

### पूर्व पार्षद और उसके साथी के साथ मारपीट का है मामला

# भाजपा पार्षद और अन्य तीन को तीन-तीन साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वार्ड 9 के भाजपा से पार्षद आशीष जायसवाल और उसके अन्य तीन साथियों को एस टी एस सी कोर्ट ने 3 - 3 साल की सजा सुनाने के साथ साथ 1 - 1 हजार रूपए का जुरमाना भी लगाया है। अभियुक्त गणों ने एक पूर्व पार्षद और उसके साथी के साथ मारपीट और गाली गलौच की थी । मिली जानकारी के अनुसार परासिया वार्ड 17 के पार्षद रह चुके भगवानदास ने 6 जनवरी 2018 को परासिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अपने दोस्त नितेश बात्री के साथ वाहन मारुती बेगनआर क्रमांक एमपी 48 सी 1460 से छिंदवाड़ा से परासिया आ रहे थे , तभी रात करीब 11 :30 बजे अभियुक्त आशीष जायसवाल ने उन्हें अपने घर के सामने रोका उसे कॉलर पकड़कर खींच लिया तथा आशीष और उसके साथी अनुराग जायसवाल , विजय उर्फ रोमी , भूपेंद्र उर्फ रिंकू घोरके ने भगवानदास व नितेश के साथ मारपीट , गाली गलौच की तथा जाती सूचक शब्द कहे । जिस पर पुलिस ने चारों अभियुक्तो के खिलाफ धारा 294 , 323 , 325 , 427 , 506 , 34 और एस सी एस टी की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश माननीय संजय कस्तवार ने सभी अभ्युक्तों को कुछ धाराओं में 3 वर्ष , कुछ में 6 माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई एवं 1 - 1 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है ।

#### स्वच्छता विभाग के है सभापति

वर्तमान में आशीष जायसवाल परासिया नगर पालिका परिषद् में स्वच्छता विभाग के सभापति है । इन्होंने निकाय चुनाव में वार्ड 9 से चुनाव लड़ा था और कांग्रेस प्रत्याशी आशीष राय को हराकर बने थे पार्षद।

### अंतर महाविद्यालय खो- खो टूर्नामेंट संपन्न



**बिछुआ।** शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में अंतर महाविद्यालयीन खो - खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें छिंदवाड़ा जिले से 6 छात्रा की व 5 छात्र की टीम ने भाग लिया कार्यक्रम के आरंभ में सरस्वती पूजन वंदना किया गया इसके पश्चात आयोजन में उपस्थित प्राचार्य डॉ.आरपी यादव जनभागीदारी अध्यक्ष श्री प्रमोद विश्वकर्मा ने सभी छात्र ,छात्राओं की टीम से परिचय किया और सभी को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा महिला एवं पुरुष वर्ग में विजेता रहा तथा राजमाता सिंधिया गर्ल्स कॉलेज छात्रा वर्ग व शासकीय महाविद्यालय बिछुआ छात्र वर्ग उपविजेता रहा। आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरपी यादव ने विजेता टीम को शुभकामनाएं दी तथा अन्य टीमों को प्रोत्साहित किया इसके पश्चात क्रीड़ा अधिकारी पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा से डॉ.सुशील पटवा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.फरहत मंसूरी द्वारा तथा आभार प्रदर्शन डॉ.वैशाली गुप्ता द्वारा किया गया साथ ही श्री मनीष पटेल श्री भोजराज झरबड़े,श्री प्रदीप मालवीय डॉ.एसपी साकेत डॉ.मदन ठाकरे,रघुवीर उईके आदि मौजूद रहे।

### मर्राम खाण्डसिवनी पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



**सौंसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत रविवार को सौसर विधानसभा के ग्राम मर्राम खाण्डसिवनी में कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। आयोजन मेंजिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड,ने कहा कि पीड़ित गरीब वर्ग का विकास को इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओर भाजपा सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।ग्रामीण जनता ने इसका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए। इस दौरान आदिवासी नेता मोरेश्वर मसकोले,जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, राजेन्द्र भक्ते, खेमराज सोनेकर जी,संजय बाकंडे , दिनेश भलावी आदि उपस्थित थे।

# वीतराग भवन में आयोजित हुई भजन संध्या

### इंद्र - इंद्राणियों का किया सम्मान - श्री सिद्धचक्र विधान आज से



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आज सोमवार 25 दिसंबर से अहिंसा स्थली गोल गंज के वीतराग भवन में मुमुक्षु मंडल, अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन एवं बाबाजी परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आठ दिनो तक चलने वाले श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है।भजन संध्या का हुआ आयोजन -आठ दिवसीय मंगल महोत्सव की पूर्व बेला पर वीतराग भवन में युवा वर्ग द्वारा सुंदर आध्यात्मिक भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमे भजन गायक रमेश जैन, ऋषभ शास्त्री, वर्धमान जैन, सचिन जैन ने जिनशासन के मंगलगान कर सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान विधान में बैठने वाले सभी इंद्र - इंद्राणियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल के मंत्री अशोक जैन एवं फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने करते हुए आठ दिवसीय आयोजन में सकल समाज को आमंत्रित कर शुभकामनाएं दी।निकलेगा श्रीजी का चल समारोह -मंगल महोत्सव की खुशी में आज प्रातः 7 बजे गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ जिनालय में पूजन कर वहां से 8 बजे श्रीजी एवं मां जिनवाणी का भव्य चल समारोह निकाला जावेगा जो गोल गंज पंहुचेगा जहां विधान के मुख्य आयोजक बाबाजी परिवार के निवास से मंगल कलश, अष्ट मंगल द्रव्य, अष्ट प्रतिहार्य के साथ भजन मंडली के मंगलगान के साथ श्रावक - श्राविकाएं वीतराग भवन पहुंचे।

### धूनीवाले दादाजी महाराज की बरसी कार्यक्रम हुआ संपन्न



**सौंसर।** रविवार को ग्राम सांवगी सौंसर धुनिवाले दादाजी माहाराज कि बरसी का कार्यक्रम का आयोजन हुआ।यहां पर कई वर्षों दादाजी भक्त व्दारा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।कार्यक्रम का शुभारंभ आरती के साथ किया।इस दौरान महाप्रसाद का वितरण हुआ।बड़ी संख्या में दादाजी के भक्तो ने पहुचकर पुण्य लाभ लिया। इस दौरान आयोजन में सौंसर विधायक विजय चौरेजी,डॉ राजेंद्र यमदे पुर्व जिला पचांयत अध्यक्ष डॉ बाबुलाल खडाते,जगदीश खडाते,चन्दभान पराडकर, अटल रबडे,युवराज पराडकर, रोशन खवसेआदि ने पहुँचकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

# डेन्टल एसोसिएशन की नई जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

इन्डियन डेन्टल एसोसियेशन की छिंदवाड़ा (सतपुड़ा) यूनिट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। एक निजि होटल में सतपुड़ा डेन्टल यूनिट में डॉ राहुल श्रीवास्तव ने वर्ष 2024 के लिए प्रसिडेन्ट का कार्यभार सम्भाला । डॉ सोनल सिंह सचिव के पद पर कार्यरत रहेगी। उप सचिव के लिए डा शशांक साहू, वाइस प्रसिडेंट - डा. दानिश खान तथा डा. हर्ष भार्गव के लिए नियुक्त किये गये।सतपुड़ा डेन्टल यूनिट विछले 15 सालों से छिंदवाड़ा जिले में दंत एवं मुख रोग, कैंसर जागरूकता तथा अन्य स्वास्थ्य के मुद्दों पर पर जनता की सेवा में सतत रूप से कार्यरत है। म. प्र डेन्टल एसोसिएसन के CDE डा योगेश पाल तथा अन्य समस्त जिला सदस्यो ने नई कार्यकारिणी गठन पर पदाधिकारियो को बधाई दी है।

# अब कैरेट से संतरा नहीं बेचेंगे किसान

### प्रोसेसिंग युनिट, कोल्ड स्टोरेज और रिसर्च सेंटर की जरूरत पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल राष्ट्रीय किसान दिवस के मौके पर ग्राम तिगांव के किसानो द्वारा किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमे करीबी गांवों के किसान उपस्थित रह जिन्होंने आमराय सेअपनी प्रमुख समस्या कैरेट से संतरा नहीं बेचने का निर्णय लिया। इन किसानों ने अपने संतरे की फसल टन या गिनती या ठेका (हुन्डा ) पध्दति से संतरे की बिक्री का निर्णय लिया है।

#### कैरेट से बेचने पर नुकसान

बता दे कि वर्तमान मे संतरे के एक कैरेट का दाम 400 से लेकर 500 रुपए के बीच में है। कोई कैरेट 27 किलो का है तो कोई 30 किलो का। इस प्रकार 1 किलो संतरे का रेट 18 से 20 रुपए पड़ता है और एक संतरा दो रूपए बीस पैसे या दो रूपए सत्तर पैसे के बीच में बिक रहा कैरेट के सौदे में किसानों का बडा नुकसान होता है।



#### संगठन बनाने का निर्णय

इस किसान सम्मेलन में किसानों ने अपनी अपनी समस्याएं रखी और इसके लिए संगठन बनाने का निर्णय भी लिया गया। किसानों ने पांढुर्णा जिले में संतरा प्रोसेसिंग यूनिट, संतरा अनुसंधान केंद्र और संतरा कोल्ड स्टोरेज बनाए जाने की दिशा में तेजी से आगे बढने की जरूरत पर बल दिया। इस किसान सम्मेलन में मारूड, देवखापा, भंदारगोंदी, आजनगांव, खेड़ीकला, कलमगांव, चिचखेड़ा, पीपलपानी, मोही, मांडवी एवं कुछ अन्य ग्रामों के किसान सम्मिलित हुए।

### नवागत मुख्यमंत्री के निर्देशों को भी अनसुना कर रहे अधिकारी

# सीएम राइज स्कूल एवं कॉलेज भवन निर्माण स्थल बने रेत चोरी खरीदी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में रेत की चोरी रोकने वाले जिम्मेदार विभाग ही इन रेतचोरों पर क्यों अंकुश नहीं लगा पा रहें हैं। देलाखारी चौकी क्षेत्र के प्रतापगढ़ बादला बंजारी गुड़ी फासी ढाना, हैर्रा ढाना ,घट लिंगा, मार्ग में रेत की चोरी रात भर नदियों से लगातार निकली जा रही है। लेकिन अब इस क्षेत्र की नदियों में रेत खाली होने की स्थिति में अब रेत चोरों ने नया रेत चोरी का क्षेत्र कुर्सीढाना, बेलखेडी,, बंगाई, पंचायत के साल ढाना ,जामुन ढोग़ा के नवरी टोला सूप डोगर, शाहित, वन भूमि की जमरुस नदी, रेत से निकालकर सीएम राईज, स्कूल एवं कॉलेज भवन निर्माण इन दिनों, चोरी की रेत खरीदी का केंद्र बन गया हैं। अब इन रेत चोरों के बुलंद हौसले कहें। या फिर रेत चोरी पर कार्यवाही करवाने वालों की मौन स्वीकृति का ही नतीजा है। अधिकारियों के दम पर कांग्रेस नेता थाने के पीछे सीएम राइज स्कूल निर्माण में चोरी की रेत डालकर प्रशासन के को चुनौती दे रहे है। तामिया सरकारी कॉलेज भवन निर्माण एवं पुराने कॉलेज मरम्मत निर्माण में जमकर चोरी की रेत बेची जा रही है। इस तरह यह दोनों निर्माण स्थलों पर चोरी की रेत इस तरह खरीदी जा रही है जैसे यहां पर रेत चोरी खरीदी केंद्र खोला गया है। सीएम राइज, स्कूल निर्माण स्थल तो थाने से लगा हुआ ही है । वहां पर खरीदी केंद्र की तरह रेत खरीदा जाना चर्चा का विषय से बना हुआ है कि तामिया के रेत चोर पूर्णता प्रशासन पर हावी हो चुके हैं, लेकिन भाजपा शासन में कांग्रेस नेता यदि चोरी की रेत खरीदी केंद्र की तर्ज पर बेचकर यह साबित कर रहे है। भले ही सरकार भाजपा की हो लेकिन अधिकारियों पर हावी तामिया तहसील में आज भी कांग्रेसी ही है। इस तरह रेत चोरी के खिलाफ तामिया मंडल के पार्टी पदाधिकारी भी आखिर क्यों चुप है, यह भी चर्चा का विषय है कि भाजपा के शासन में आखिर कांग्रेस नेता भाजपा को छोटा एवं अपने आप को बड़ा नेता साबित कर रहा है। देखना यह है कि तामिया भाजपा मंडल के पार्टी पदाधिकारी रेत चोरी करने वाले कांग्रेस नेता की खिलाफ क्या करेंगे।

### सौंसर में अक्षत कलश लेकर निकली विशाल शोभायात्रा, जगह जगह किया गया स्वागत, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

# जय श्री राम के गगनभेदी जयघोष से गूंजा सौंसर नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



रविवार को अयोध्या से आई अक्षत कलश का पूजन कर सौसर में विशाल पदयात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया।नगर के वार्ड नं 1 से शुरू हुई शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक धार्मिक सस्थानो की ओर नगर में जगह जगह पर फूलों का वर्षाव कर शोभायात्रा में चल रहे राम भक्तों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवांन श्री राम की जन्मभूमि श्री क्षेत्र अयोध्या में आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्याधाम में भव्य एवं दिव्य प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम होना है। शोभायात्रा के माध्यम से नगर वासियों को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्याजी में प्रभु श्री राम के दर्शन हेतु आमंत्रित किया गया। अक्षत कलश अयोध्या से सम्पूर्ण भारत में वितरित किये गए, श्री राम मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिती सौंसर के नगर संयोजक कैलास सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की कलश यात्रा को जनदर्शन हेतु नगर भ्रमण किया गया है। जहाँ सौसर नगरवासियों ने अक्षत कलश का पूजन कर आरती उतारकर शोभयात्रा में सम्मिलित रामभक्तो पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया है। शोभायात्रा में अक्षत कलश मर्यादा पुरुषोत्तम भगवांन श्री राम के छायाचित्र सहित बाल स्वरुप में श्री रामलला, माँ जानकी लक्ष्मण सहित प्रभु श्रीरामजी के सेवक श्री हनुमान जी महाराज की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही है। शोभयात्रा में बड़ी संख्या में युवा वर्ग शामिल हुए थे। जिन्होंने जय श्री राम और हर हर महादेव के गगनभेदी जयघोष से सम्पूर्ण सौसर नगर में राममय वातावरण का निर्माण किया। इसके साथ ही भगवान महाकाल की शाही सवारी की तौर पर डमरू दल द्वारा अपनी भव्य प्रस्तुति दी। वारकरी संप्रदाय के भजन और दिंडी मंडल द्वारा भजनों द्वारा समाज को जागृत करने हेतु सन्देश दिया। नगर के श्री सिद्देश्वर रामायण भजन द्वारा चलित सुन्दरकाण्ड का पथ किया गया। इस दौरान सौसर विद्यायक विजय चौरे,पूर्व मंत्री नाना मोहोड,जिला पंचायत सदस्य,सदिप मोहोड,सौसर नपा अध्यक्ष सुरेखा इदरचन्द डागा, संजय राठी,चमत्कारी हनुमान मंदिर जांमसावली अध्यक्ष धीरज चौधरीनपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, आदि उपस्थित थे।

## माहुल वाले हनुमान दादा का प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



**चांदामेटा / परासिया :-** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 24 दिसंबर 2023 दिन रविवार को श्री माहुल वाले दादा हनुमान मंदिर गाजनडोह रोड चांदामेटा में मंदिर के वार्षिक प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया । जिसमें शनिवार शाम से सुंदरकाण्ड से शुरू कर अखंड राम नाम कीर्तन के साथ रविवार सुबह दादा का अभिषेक के साथ हवन पूजन भजन के साथ समिति द्वारा मंदिर के मुख्य पुजारी चैतू उइके (दद्दा) के सानिध्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें भारी संख्या में चांदामेटा , भण्डारिया , गाजनडोह , नागलवाड़ी , बिजोरी सहित क्षेत्र के समस्त श्रृद्धालु उपस्थित होकर सेवा कार्य के साथ भंडारा प्रसाद का आनंद लिए ।

## विहिप बजरंग दल की बैठक संपन्न

**जुन्नारदेव।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल प्रखंड जुन्नारदेव विहिप प्रांत संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह का कल नगरागमन होगा रामजन्म भूमि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा संपूर्ण देश मे जनजागरण किया जा रहा इस संदर्भ मे दिनांक 24/12/2023 दिन रविवार को 3.00बजे दोपहर महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री श्री सुरेन्द्र सिंह जी का जुन्नारदेव आगमन होने जा रहा है।जिसमे वह श्री रामलीला मंच पर आयोजित विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक को संबोधित कर मार्गदर्शन करेंगे।बैठक मे विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल ,मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं सभी अनुषांगिक संगठन के कार्य कर्ता एवं पदाधिकारी अपेक्षित है। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार सोनी ने प्रखंड मे निवासरत जिला ,विभाग एवं प्रखंड पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से श्री रामलीला मंच जुन्नारदेव मे अति आवश्यक जिला बैठक मे समय पूर्व उपस्थिति की अपील की है।



## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

राष्टीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर रविवार 24दिसंबर को पी जी कॉलेज में जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू क्लास के युवाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद विनोद तिवारी,विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी एवम आशीष साहू ने सभी को एक उपभोक्ता अधिकार एवम कर्तव्य से अवगत करवाया।इस अवसर पर सभी को उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित जागरूकता के पैंपलेट बाटे गए सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने संकल्प लिया की हम उपभोक्ता संरक्षण के लिए गांव गांव में जागरूकता लाने पूरा प्रयास करेगे ।उपस्थित वक्ताओं ने कहा की जब भी कुछ भी खरीदे पक्का बिल जरूर ले।उन्होंने उपभोक्ता हित के लिए उपभोक्ता फोरम की महत्ता की जानकारी दी। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के माध्यम से संचालित बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू क्लास के युवाओं ने उपभोक्ता संरक्षण पर अपने विचार रखे।

## तीन दिनों से गुल है दीघावानी में वेकोलि की बिजली



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

ग्राम पंचायत दीघावानी और रावनवाड़ा ख़ास में बीते तीन दिनों से बिजली गुल है। वेकोलि प्रबंधन ने यहां बाधित बिजली सेवा को बहाल करने के लिए अभी तक कोई कदम नहीं उठाएं हैं । जिसको लेकर स्थानीय लोगों में रोष पनप रहा है । गौरतलब है कि दीघावानी और रावनवाड़ा ख़ास में बड़ी संख्या में वेकोलि कामगार निवास करते हैं। यहीं से वे कोयला खदानों में काम करने के लिए जाते हैं । जो बीते तीन दिनों से अँधेरे में रात गुजारने के लिए विवश है। यहां तकनीकी खराबी के चलते बिजली सप्लाई बाधित है। जिसकी सूचना वेकोलि के सम्बंधित अधिकारीयों को दे दी गई है । बावजूद इसके समस्या का हल नहीं किया गया है । जिसके चलते कभी भी वेकोलि प्रबंधन के अधिकारीयों को कामगारों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है ।

## मुख्यमंत्री के निर्देशों का नहीं हो रहा पालन, नहीं मिल रही किसानों को भरपूर बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जुन्नारदेव संभाग के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दातलावादी मातादफाई क्षेत्र के किसान एवं बिजली उपभोक्ता इन दोनों बिजली की गंभीर समस्या से परेशान है ।किसान भाइयों की गेहूं की फ़सल सूखने की कगार पर आ गई है। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो रही है। आपको बता दे पिछले दिनों जिले में आए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया था कि किसानों एवं बिजली उपभोक्ताओं के हित में बिजली पर्याप्त देने की बात कही गई थी ।और लापरवाही करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देशित किया गया था ।परंतु जुन्नारदेव बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं ।किसान भाई बिजली की गंभीर समस्या को लेकर जूझ रहे हैं ।मामला विपरीत ही नजर आ रहा। जुन्नारदेव जनपद मुख्यालय से लगी ग्राम पंचायत दातलावादी माता दफाई क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक किसान भाई एवं घरेलू बिजली उपभोक्ता बीते 3 सालों से बिजली की समस्या से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

आलम यह है कि एक ट्रांसफार्मर के भरोसे चक्की मोहल्ला क्षेत्र एवं माता दफाई क्षेत्र घरेलू बिजली एवं किसानों को आपूर्ति कर रहा है। जिससे किसानों की फसले बर्बाद हो रही है ।एक ट्रांसफार्मर से 20 से 22 किसानों के बोरों की मोटर चल रही है। सप्लाई अधिक होने के कारण मोटरे भी लोड लेना बंद कर दी है। वर्तमान में गेहूं की फसल पूरी तरह सूखने की कगार पर आ गई है ।जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा जुन्नारदेव बिजली कार्यालय पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारी दुर्गेश डेहरिया को समस्या से अवगत कराकर माता दफाई क्षेत्र में नए ट्रांसफार्मर स्थापित की मांग की गई है। जिससे के लोगों को अपने घरों में और किसानों को खेतों में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति हो सके इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण जन ज्ञापन देने पहुंचे।

दुर्गेश डेहरिया जेई बिजली विभाग जुन्नारदेव का कहना है कि दातला माता दफाई क्षेत्र के ग्रामीण एवं किसानों ने वोल्टेज बिजली की गंभीर समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है ।क्षेत्र में नया ट्रांसफार्मर स्थापित की जाने की मांग की गई है ।टीम को भेज कर सर्वे कराया जाएगा ,जांच के निर्देश दे दिए हैं।

## सीएम मोहन यादव के आदेश के बाद एक्शन में प्रशासन, मटन व्यवसाई तो कर रहे पालन, मछली व्यापारियों के कान में नहीं रेंग रही जूं

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धार्मिक स्थलों पर तेज लाउडस्पीकर बजाना और खुले में मांस बेचना मध्य प्रदेश में अब अपराध हो चुका है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के बाद जारी किए गए आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अधिकारियों ने कार्यवाही शुरू कर दी है। जहां भी नियम विरुद्ध ध्वनि प्रदूषण दिखाई दे रहा है और खुले में मांस की दुकान दिखाई दे रही है, तो नगर परिषद का अमला वहां कार्रवाई कर रहा है। इसके साथ ही चिकन, मछली बेचने वाले लोगो को भी नियम फॉलो करने के आदेश दिए जा रहे हैं। तो वही शासन द्वारा तय नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगो पर कार्यवाही भी की जा रही है, एक तरफ जहां शासन द्वारा तय नियमो का पालन चिकन बेचने वालो द्वारा तो किया जा रहा है परंतु मछली व्यापारियों द्वारा नियमो की अनदेखी करते हुए खुले में ही व्यापार किया जा रहा है, वही नगर परिषद लांजी के कर्मचारियों द्वारा मुंह देखी कार्यवाही की जा रही है जिससे मांस व्यापारियों में आक्रोश नजर आ रहा है, मांस व्यापारियों का कहना है नियम सभी के लिए एक होने चाहिए, परन्तु नगर परिषद लांजी के कर्मचारियों द्वारा हमारे साथ ही दोहरा व्यवहार करते हुए सिर्फ हमे ही नियमो का पाठ पढ़ाया जा रहा है मछली व्यापारियों को नही।

### चिकन व्यवसाईयों द्वारा दुकान में लगाया गया कांच

एक तरफ मछली व्यवसाई नियमो को ताक पर रखकर अपना नियम विरुद्ध व्यापार कर रहे है वही चिकन व्यापारी नियमो के अनुरूप दुकान के सामने कांच लगाकर पूरी सुरक्षा के साथ व्यवसाय कर रहे है।

## कटंगी में निकली अक्षत कलश यात्रा, हिन्दू धर्म प्रेमियों को दिया गया निमंत्रण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है और इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं. यह कलश रविवार को कटंगी पहुंचे इस अवसर पर नगर के श्रीराम मंदिर से भव्य यात्रा निकाली गई. विश्व हिन्दू परिषद, आरएसएस और बजरंग दल के कार्यकर्ता इन कलशों में रखे पीले रंग के चावल लेकर प्रत्येक घर में गए और अयोध्या में होने वाले महोत्सव में भाग लेने के लिए लोगों को न्योता दिया. इसके साथ ही इन कलशों को कटंगी के हर गांवों तक में ले जाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग इनके दर्शन कर सकें. कटंगी में निकली यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. यात्रा में ललित पारधी, सतीश अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, सुनील नागोसे जैसे विहिप के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए. वहीं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमियों ने अक्षत कलश यात्रा में शामिल होकर पारी-पारी से कलश को अपने सिर पर रखकर यात्रा में भ्रमण किया।

## साल की सबसे लंबी रात में फेरी पर निकला नपा का अमला, बेसहारा और मुसाफिरों को बांटे कंबल व लकड़ियां



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खगोल दृष्टि से 22 दिसम्बर की रात सबसे लंबी रात और दिन सबसे छोटा दिन माना जाता है। इस लिहाज से गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि को नपा और दीनदयाल अंत्योदय शहरी आजीविका मिशन के अमले ने फेरी/भ्रमण कर बचाव के आवश्यक प्रबंध किये। नपा सीएमओ दिशा डेहरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को सर्द रात में नपा अमले द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त की गई। इस दौरान अमले ने लगभग 9.50 क्विंटल लकड़ी और कंबल बांटे गए है। कुछ बेसहारा व बेघर को आश्रय स्थल पर लाया गया। ऐसे करीब 5 बेसहारा लोगो को आश्रय स्थल पर लाया गया और उन्हें कंबल भी प्रदाय किये गए। सर्दी के मौसम में बेघर, बेसहारा और मुसाफिरों के लिए अलाव और कंबल से बचाव के लिए इस दिशा में आगे भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अमला कार्य करेगा।

**मुसाफिरों के लिए आश्रय स्थल पर निशुल्क सेवा :** नपा सीएमओ डेहरिया ने बताया कि ऐसे व्यक्ति जो दूरदराज क्षेत्रों से आये है। अगर उन्हें रुकने का कहीं उचित स्थान नही मिलता है तो वे पीडब्ल्यूडी कॉलोनी स्थित राहगीर आश्रय स्थल में आकर रात गुजार सकते हैं। उन्हें अपना नाम पता लिखाने के साथ ही कोई पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या मतदाता परिचय पत्र दिखा सकते है। यहां बेड के अलावा बिछावन, चादर, तकिया एवं कंबल की समुचित व्यवस्था दी जाएगी।वहीं शौचालय, पानी एवं बिजली के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जाएगा।

**ऐसा रहा पिछले दिनों में तापमानः** इन दिनों रात में ही सर्दी अपने तेवर दिखा रही है बल्कि दिन में भी तापमान गिर रहा है। पिछले 5 दिनों में तापमान इस प्रकार रहा है। 17 दिसम्बर को अधिकतम तापमान 27 सेंटीग्रेड न्यूनतम 11 डिग्री, 19 दिसम्बर को अधिकतम 25 डिग्री न्यूनतम 10 डिग्री, 20 दिसम्बर को अधिकतम 25 डिग्री, न्यूनतम 8 डिग्री, 21 दिसम्बर को 25 डिग्री न्यूनतम 10 डिग्री और 22 दिसम्बर को अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 11 डिग्री रहा।

## वीरांगना रानी अवंतीबाई शिशु मंदिर लांजी में कुल 69 छात्रों ने माडल परीक्षा का दिया टेस्ट

हरिभूमि न्यूज लांजी।

आलोक संघ एवं छू लो आसमान किसने रोका है। नवोदय जाग्रति अभियान के अंतर्गत केन्द्र वीरांगना रानी अवंतीबाई शिशु मंदिर लांजी में कुल 69 छात्रों ने माडल टेस्ट परीक्षा में उपस्थित रहे इस परीक्षा का आयोजन करने का उद्देश्य यह है कि ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को मुख्य परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में सफल हो सके और नवोदय विद्यालय में प्रवेश कर सके जिससे कि उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सके* आज का समय प्रतिस्पर्धा का है इसी को ध्यान में रखते हुए आदरणीय श्री लोकेश लिल्हारे जी डिप्टी कमिश्नर जबलपुर एवं आलोक संघ के मार्गदर्शन में इस परीक्षा का आयोजन किया गया और भविष्य में भी इसी तरह से सभी का प्रयास होता रहेगा इस परीक्षा में पर्वक्षक के रूप में श्रीमती कविता गजभिए,कु पूनम नेवारे, श्रीमती सुलोचना सोलंकी, श्रीमती दमयंती राणे, श्रीमती प्रेमकुमारी तिडके, श्रीमती रीना उपराडे, श्रीमती श्यामलता नागदेवे,कु पुजा मेश्राम,कु दिक्षा कुशले,श्री जगदीश उरोडे, श्रीं कुन्दन बडघैया, श्री कुशलेश कलपुरिया का सराहनीय योगदान रहा। इस परीक्षा का निरीक्षण श्री विजय कुचलाहे शिक्षक, श्रीं सुरेन्द्र बडगैया, परीक्षा केंद्र प्रभारी विजय कुमार कुशले का सराहनीय योगदान रहा है।



### विधायक ने अधिकारियों से कहा ईमानदारी से हो कार्य

## उजाड़बोपली पुलिया का 3 करोड़ से अधिक की लागत से होगा निर्माण

### सांसद बोले भारत सरकार से पुलिया करवाया स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





कटंगी से लालबर्रा मुख्य सड़क मार्ग पर चंदन नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त उजाड़बोपली पुलिया के नव निर्माण कार्य का रविवार को बालाघाट-सिवनी सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन और कटंगी विधायक गौरव पारधी ने भूमि पूजन किया. 3 करोड़ 43 लाख 57 हजार रुपए की राशि से बाक्स क्लवर्ट पुलिया का निर्माण किया जाना है. बता दें कि 17 सितंबर 2021 को उजाड़बोपली पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया था. जिसके बाद 11 अक्टूबर को पुलिया के ऊपर से एक माल वाहन वाहन के गुजरने से यह पुलिया पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका था. इस पुलिया के ध्वस्त होने के बाद कटंगी से लालबर्रा सड़क मार्ग पर आवागमन बंद हो गया था. उजाड़बोपली, सिंगोड़ी, कटेरा, बनेरा, घुनाड़ी, भजियापार, जमुनिया सहित अन्य गांवों के ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर तहसील मुख्यालय कटंगी आना-जाना करना पड़ रहा था. वहीं गर्मी के दिनों में आवागमन शुरू करने के लिए अलग-अलग ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने मिलकर पुलिया के नजदीक वैकल्पिक सड़क मार्ग बनाया था जो इसी साल हुई तेज बारिश के बाद बह गया था तब पूर्व जनपद सदस्य ने यहां आंदोलन शुरू किया और कई बार जनप्रतिनिधियों को कई माध्यमों से ज्ञापन सौंपें गए तब जाकर केन्द्र की पीएमजीएसवाई ने पुलिया के निर्माण को स्वीकृति दी है।

पुलिया निर्माण के भूमि पूजन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमति कविता देशमुख, नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमति इन्द्रकला ठाकरे सहित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के अधिकारियों के अलावा, एसडीओपी, तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी और तमाम ग्राम पंचायतों के सरपंच और ग्रामीण जन मौजूद रहे. भूमि पूजन समारोह के मौके पर विधायक गौरव पारधी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों से काम की क्वालिटी को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए. पुलिया ऐसा बनना चाहिए कि आने वाले 100 सालों तक इसे कुछ नहीं होना चाहिए. मंच पर बैठे किसी भी व्यक्ति की ठेकेदार से कोई अपेक्षा नहीं है. उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए गए है. उन सभी वादों को पूरा किया जाएगा. आने वाले तीन माह में चुनाव के दौरान जिन कामों का वादा किया गया था उन सभी कामों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

सांसद डॉ ढाल सिंह बिसेन ने मंच से सांसद बनते ही क्षेत्र में किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए अपनी उपलब्धि गिनाई. उन्होंने कहा कि सांसद बनते ही सबसे पहले कटंगी से लालबर्रा सड़क केन्द्र सरकार से स्वीकृत करवाई. उजाड़बोपली पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ था तो कई लोग लगातार शिकायत लेकर आ रहे थे लेकिन कई कारणों से विलंब से काम शुरू हुआ. उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के पहले ही राशि स्वीकृत हो चुकी थी. उन्होंने ठेकेदार से कहा कि वह 06 माह में पुलिया का निर्माण पूर्ण करें. जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने जिले में विकास के लिए हम सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा. इसी दिशा में हम काम कर रहे है. उन्होंने ठेकेदार को जल्द से जल्द काम करने के लिए कहा ताकि ग्रामीण जनता को इसका लाभ मिले।

### इन गावों में पहुंची संकल्प यात्रा

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को बैहर जनपद के ग्राम राम्हेपुर व कोयलीखापा, परसवाड़ा के ग्राम खरपडिया व ठेमा, लांजी के ग्राम मोहझरी व चिखलामाली, कटंगी के ग्राम लखनवाड़ा, बालाघाट के ग्राम नगरवाडा व चांगोटोला, वारासिवनी के ग्राम वारा व तुमाडी, किरनापुर के ग्राम बडगांव व आमगांव, खैरलांजी के ग्राम कोठुरना व पिपरियॉ, बिरसा के ग्राम कटंगी व जैरासी और लालबर्रा जनपद के ग्राम छिंदलई व बबरियॉ में भ्रमण हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा का सोमवार को बैहर जनपद के ग्राम बोदा (मा) व खजरी, परसवाड़ा के ग्राम खैरलांजी (ठे) व सरेखा, लांजी के ग्राम बिंझलगांव व आवा, कटंगी के ग्राम बाहकल व नंदलेसरा, बालाघाट के ग्राम घुनाड़ी व प्रतापपुर, वारासिवनी के ग्राम सावंगी व बुदबुदा, किरनापुर के ग्राम लवेरी व बेलगांव, खैरलांजी के ग्राम बिटोडी व घुबड़गोंडी, बिरसा के ग्राम हरोभाट व देवगांव मद्ध और लालबर्रा जनपद के ग्राम अतरी व बम्हनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

**खबर संक्षेप**

### शासकीय बापू महाविद्यालय में नवागत प्राचार्य ने संभाला चार्ज

**नौगांव।** शहर के शासकीय बापू महाविद्यालय में पिछले दिनों नवागत प्राचार्य ने चार्ज सम्हाल लिया। बीते दिनों उच्च शिक्षा विभाग ने महाविधालय के लिए प्राचार्य नियुक्त करने का आदेश किया था।नवागत प्राचार्य हरदयाल अहिरवार इससे पहले शासकीय छत्रसाल महाराजा महाविद्यालय महाराजपुर में सहायक प्राध्यापक गणित में पदस्थ थे। राज्य उच्च शिक्षा विभाग के आदेश के बाद बीते दिनों अहिरवार ने नौगांव के बापू महाविद्यालय का चार्ज संभाला, और चार्ज संभालने के बाद महाविद्यालय के स्टाफ ने शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है।

### पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया का दिया गया प्रशिक्षण



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह द्वारा रविवार को पुलिस कॉन्फ्रेंस हॉल में आम नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में होने वाली समस्या का निदान करने और शीघ्र सत्यापन करने से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से पासपोर्ट सत्यापन हेतु तय पुलिस कर्मचारी प्रशिक्षुओं को सम्पूर्ण प्रक्रिया संबंधी दिशा निर्देश दिए गए एवं समस्त पासपोर्ट प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई एवं समय पर पासपोर्ट के निराकरण के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिला विशेष शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक श्री हेमंत नायक, जिला विशेष शाखा के कर्मचारी एवं समस्त थानों से चयनित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### कानून के विद्यार्थी ने गर्भवती महिला के लिए किया रक्तदान



**छतरपुर।** जिला अस्पताल में इलाजरत गर्भवती महिला के लिए युवा समाजसेवी ने रक्तदान किया। आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि पूनम पत्नी राहुल भदौरिया निवासी बल्देवगढ़ पिछले चार दिनों से जिला अस्पताल में भर्ती है। चूंकि उसके शरीर में रक्त की कमी थी इसलिए चिकित्सकों ने परिजनों को रक्त की व्यवस्था करने के लिए कहा था। परिजनों को दो यूनिट एबी प्लस रक्त की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से कानून की पढ़ाई कर रहे युवा राहुल रैकवार को मिली तो उन्होंने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए परेशान परिवार की मदद की।

### किन्नर समाज ने आयोजित किया 7 दिवसीय सम्मेलन



**राजनगर।** छतरपुर जिले के राजनगर में अखिल भारतीय किन्नर समाज का सम्मेलन चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में किन्नर समुदाय के लोग सम्मिलित हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वजों की बरसी करना और देश की सुख-शांति, समृद्धि की कामना करना है। यह कार्यक्रम राजनगर के निजी मैरिज गार्डन गोकुलधाम मे हो रहा है। 22 से 27 दिसंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में मलका किन्नर राजनगर, सलमा किन्नर राजनगर, नीतू किन्नर छतरपुर, रजनी किन्नर पन्ना, सोनिया किन्नर छतरपुर, ज्योति किन्नर गुरसराय आदि की सराहनीय भूमिका है। 25 दिसम्बर को राजनगर में विशाल धार्मिक यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, एमपी सहित समूचे देश से किन्नर समुदाय के लोग राजनगर पहुंच रहे हैं।

# नए शिक्षण सत्र से नए भवन में लगेगा सीएम राइज स्कूल

## 37 करोड़ की लागत से 20 एकड़ भूमि पर बन रहा सीएम राइज स्कूल

शहर में संचालित सीएम राइज शासकीय स्कूल का 37 करोड़ लागत से निर्माणाधीन तीन मंजिला आधुनिक भवन पूर्णतः की ओर है। विभाग के अनुसार निर्माण कार्य इसी तरह से चलता रहा तो आगामी शिक्षण सत्र में नया भवन स्कूल विभाग को हैंडओवर हो जाएगा।



**नौगांव।**

जिसके बाद आगामी सत्र से सीएम राइज के छात्र आधुनिक भवन में स्मार्ट क्लास के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकेंगें। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान की महत्तावाकांक्षी योजना के तहत शहर के मॉडल स्कूल में सीएम राइज स्कूल के आधुनिक भवन का 37 करोड़ की लागत से 20 एकड़ जमीन में भव्य निर्माण कार्य चल रहा है।

शासन ने मध्य प्रदेश भवन विकास निगम के माध्यम से ठेकदार के द्वारा दिसंबर 2022 में विधालय का निर्माण शुरू कराया था। जिसके तहत पिछले एक वर्षों से चल रहे सीएम राइज विधालय के तीन मंजिला भवन के ग्राउंड फ्लोर सहित दो मंजिल की छत का काम पूरा हो चुका है, तीसरी मंजिल की आधी छत डल चुकी है,आने वाले एक दो दिनों में छत का काम पूरा हो जाएगा। तो वहीं सुपरवाइजर दिनेश मिश्रा ने बताया कि भूतल भवन के साथ पहली मंजिल तक पुताई सहित अन्य फिनिशिंग का काम चल रहा है। साथ ही भू तल भवन पर कोटा स्टोन पत्थर बिछाने के कार्य चल रहा है। हमारी पूरी कोशिश है कि जुलाई के पहले निर्माण कार्य पूरा हो जाये, जिससे यहां पढ़ने वाले बच्चे भी प्रतिष्ठित निजी स्कूलों जैसे सुविधाजनक परिसर में बैठकर स्मार्ट पढ़ाई कर सकेंगे।

### प्राइवेट स्कूल जैसे होंगे CM राइज स्कूल

शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रैकिंग, क्लास में समुद्र जैसा नजारा सरकारी स्कूलों में शिक्षा और सुविधाओं को लेकर बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। थीम बेस्ड बन रहे नए स्कूलों में स्टूडेंट्स के संपूर्ण विकास की व्यवस्था की जा रही है। टीचर्स के रहने की व्यवस्था कैंपस में ही होगी।

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूल अब मिशनरी और प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देंगे। सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास से लेकर बस फेसिलिटी और वाईफाई तक होगा। टीचर्स की ऑनलाइन ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग से लेकर स्पोर्ट्स के लिए बास्केट और वॉलीबॉल कोर्ट और एथलेक्टिस कोर्ट होंगे। स्टाफ क्वार्टर कैंपस में ही होंगे। इसे पहली कक्षा से लेकर 8वीं तक के बच्चों की छोटी से छोटी बात को ध्यान में रखकर नया रूप दिया जा रहा है। स्कूल में केजी से लेकर 12वीं तक की शिक्षा हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों से दी जाएगी।

### इस तरह रहेगा मॉडल

पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग एक पैटर्न पर निर्माण न करते हुए स्कूल और स्थान के अनुसार उसे बनाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। मॉडल के रूप में इसमें क्लास के लिए दो ब्लॉक बनाए गए हैं। एक हॉस्टल, स्टाफ क्वार्टर, एथलेटिक ट्रैक, बास्केट बॉल और वॉलीबॉल कोर्ट और ओपन स्पेस दिए गए हैं। इसके अलावा कार्यक्रम के लिए अलग से हॉल भी बनाया जा रहा है।

सीएम राइस स्कूल में मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं,आने-जाने के लिए बस सुविधा रहेगी -

सीएम राइज स्कूलों में स्मार्ट तरीके से बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। इन स्कूलों में आधुनिक लैब, कंप्यूटर लैब, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय की सुविधा के साथ कला, संगीत, खेल-कूद और व्यवसायिक शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। बच्चों को उनके गांव से स्कूल तक लाने और वापस घर तक पहुंचाने के लिए सरकार बस की सुविधा भी मुहैया कराएगी। सीएम राइज स्कूल में केजी से लेकर कक्षा 12वीं तक शिक्षा दी जाएगी।



## हमारे देश और हमारी संस्कृति से है हमारी पहचान: बीके रीमा

**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शहर के पेप्टेक टाउन में मेरी संस्कृति मेरी पहचान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने कहा कि हमारी पहचान हमारे देश से है, हमारी संस्कृति से है। संपूर्ण विश्व में भारत अपनी सभ्यता और संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। इसी से प्रभावित होकर दुनिया भर से लाखों लोग हर वर्ष यहां की संस्कृति देखने और जानने के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि टूरिज्म मंत्रालय का प्रयास है कि जो भी टूरिस्ट विदेशी आते हैं तो वह यहां से अच्छी छवि लेकर जाए, इसके लिए हम सभी को उनके साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। उन्हें अच्छी सेवा देनी होगी। भारत की जो संस्कार हैं, मूल्य हैं, वैसा व्यवहार करना होगा। इस अवसर पर सभी महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही उपस्थित महिलाओं ने भारतीय संस्कृति और भारतीय परिधान पर अपने विचार रखें। इसी मौके पर कुमारी परिधि चतुर्वेदी ने मनमोहन डांस प्रस्तुत किया। अंत में ब्रह्माकुमारी रीमा बहन ने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध किया अपनी भारतीय संस्कृति से इसी प्रकार जुड़े रहे और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बने। कार्यक्रम में समाजसेवी नेहा चतुर्वेदी, मेनका नगर, सपना बहन, भारती बहन, जानकी निरंजन, ममता गुप्ता, स्मृति यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थिति रहीं।

# नवोदय विद्यालय में भूतपूर्व छात्र सम्मलेन का हुआ आयोजन

**नौगांव।**

शहर के जवाहर नवोदय विद्यालय के अटल सभागार में दो दिवसीय पूर्व छात्र सम्मेलन' का रविवार को शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय सम्मेलन के अंतर्गत पहले दिन सुबह 9 बजे से विद्यालय के प्रथम बैच 1995 से लेकर गत वर्ष तक के पूर्व छात्र-छात्राओं का नवोदय विद्यालय परिवार में स्वागत एवं पंजीकरण प्रक्रिया विद्यालय के एनसीसी एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई।









कार्यक्रम का शुभारंभ भूतपूर्व विद्यार्थियों के परिचय के साथ हुआ। अध्यनरत विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिसमें स्वागत गीत,भांगड़ा लोकनृत्य, बुंदेली लोकगीत आदि प्रमुख थीं।तत्पश्चात भूतपूर्व छात्राओं द्वारा अपने पूर्व प्राचार्य, शिक्षक गण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। तदोपरांत वर्तमान सेवारत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धियां एवं अनुभवों को अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ साझा किया तथा उन्हें मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देकर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकता अनुरूप सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। भूतपूर्व छात्रों ने विद्यार्थियों एवं संस्था के हित में साउंड सिस्टम विद्यालय को समर्पित किया। इस आयोजन में भूतपूर्व छात्र रणजीत सिंह भदोरिया, मनोज नामदेव, जेपी तिवारी, डॉक्टर सुधीर दुबे एवं अन्य साथियों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में लगभग 300 भूतपूर्व छात्र छात्राएं उपस्थित रही। जिनमें प्रमुख शख्सियत डॉक्टर रामाकांत रावत 1995 बैच ग्वालियर, कैलाश अग्रवाल 1996 बैच, डॉ उषा दत्त तिवारी (1997 बैच)नेत्र विशेषज्ञ एवं डॉक्टर बृजेंद्र सिंह गौतम 1995 बैच,कुलपति श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर ने अपनी गरिमा में उपस्थिति दर्ज कराई।

जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ महेंद्र कुमार विश्वकर्मा के अथक प्रयासों तथा स्टाफ सदस्यों के सहयोग से भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का सफल एवं सुचारु आयोजन संभव हुआ। पूर्व छात्र-छात्राओं ने दिनांक 24 दिसंबर 2023 को विद्यालय के छात्रावास में रात्रि विश्राम करके 25 दिसंबर की सभी गतिविधियों में एक विद्यार्थी के रूप में शामिल होकर अपने छात्र जीवन को पुनः जिया तथा स्मृतियों को ताजा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में भूतपूर्व छात्र सम्मेलन प्रभारी श्रीमती पुष्पा गुप्ता , वरिष्ठ शिक्षक विजय कुमार सोनकिया एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## कर्म, भक्ति व ज्ञानयोग से मोक्ष संभव: रमाशंकर मिश्रा

# गीता जयंती पर सनातन धर्म सेवा समिति ने किया व्याख्यान माला का आयोजन



**छतरपुर।**

बीते रोज गीता जयंती के अवसर पर सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा स्थानीय वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें आगंतुक विद्वानों ने श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश व सार को समझाते हुए वर्तमान परिवेश में गीता के महत्व को प्रतिपादित किया।

सनातन धर्म सेवा समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने बताया कि ब्रह्मपुराण के अनुसार मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष एकादशी (मोक्षदा एकादशी) को गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है इसी दिन कुरुक्षेत्र की रणभूमि में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था। आधुनिक परिवेश में लोग गीता के महत्व को समझते हुए गीता के विचारों से परिचित होते हुए उसे अपने जीवन में उतारें इस उद्देश्य को लेकर समिति द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। उक्त व्याख्यान माला में मुख्यवक्ता के रूप में गीता मनीषी रमाशंकर मिश्रा, मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह-संघचालक गुरुप्रसाद अवस्थी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जानराय टौरिया के महंत भगवानदास श्रृंगारी ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी मधुसूदन पित्रे, वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय के विधि प्राचार्य डॉ. अतुल तिवारी व महंत कौशलेंद्र दास मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती पूजन व श्रीमद्भागवत गीता पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष पं. सौरभ तिवारी ने गीता जयंती समारोह की प्रस्तावना व स्वागत भाषण दिया। मुख्यवक्ता रमाशंकर मिश्रा मनीषी ने कहा कि गीता अथाह ज्ञान का सागर है जिसमें जितने गोते लगाएंगे उतना जीवन का सार दिखाई देगा। ये ग्रंथ नहीं जीवन दर्शन है जो कि प्रत्येक प्राणी को मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कराता है इसलिए इसे मोक्षदा एकादशी के रूप में मनाया जाता है उन्होंने गीता के अनेक श्लोकों का सार सभी के समक्ष रखा। मुख्य अतिथि गुरु प्रसाद अवस्थी ने अपने उद्बोधन में समझाया कि सनातन धर्म में गीता का विशेष महत्व है गीता में ही राष्ट्र व मानव के कल्याण का रहस्य छिपा है। अपनी सनातनी परंपरा व संस्कृति को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है इसलिए सभी को धर्मग्रंथों का अध्ययन करना चाहिए। महंत भगवानदास श्रृंगारी ने कहा कि जब व्यक्ति का अंतिम समय आता है तब गीता पाठ होता है जबकि स्वास्थावस्था में गीता पढ़ते हुए अच्छे कर्म करना चाहिए ताकि ज्ञान, भक्ति व मोक्ष की प्राप्ति हो। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन पित्रे ने गीता व रामचरित मानस का तुलनात्मक अध्ययन की चर्चा करते हुए दोनों को एक-दूसरे का पूरक बताया । उन्होंने रामचरित मानस के प्रसंगों के बारे में बताते हुए भक्ति मार्ग के हितोपदेशों दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया । कार्यक्रम का संचालन कु. कविता राज ने किया व आभार प्रदर्शन समिति के अनूप दीक्षित ने किया।



### वेस्ट जोन महिला कबड्डी स्पर्धा का समापन आज

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, छतरपुर के तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ के निर्देशानुसार 21 दिसंबर से चल रहे वेस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता में चौथे दिन रविवार को छह रोमांचक कबड्डी मैच खेले गए। आज सोमवार को पांचवे और अंतिम दिन कबड्डी के इस खेल महाकुंभ का समापन क्षेत्रीय विधायक श्रीमती ललिता यादव के मुख्य आतिथ्य में होगा। इस गरिमापूर्ण कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर शुभा तिवारी करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला उपस्थित रहेंगे।

मीडिया प्रभारी डा सुमति प्रकाश जैन एवं सदस्य डॉ देवेंद्र के. प्रजापति ने बताया कि रविवार को विजयी टीमों को कुलपति प्रोफेसर शुभा तिवारी, प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला , रजिस्ट्रार श्री यशवंत सिंह पटेल , संचालक शारीरिक शिक्षा डा बीपीएस गौर, क्रीड़ा प्रभारी डा एसके छारी तथा पूरी आयोजन समिति ने आत्मीय बधाई देते हुए फाइनल मैच में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को खेले गए छह कबड्डी मैच में कोटा यूनिवर्सिटी ने एसएनडीटी मुंबई को, भारतीय विद्यापीठ पुणे ने कच्छ यूनिवर्सिटी भुज को, यूनिवर्सिटी नांदेड़ ने एलएनआईपीई ग्वालियर को एवम मुंबई यूनिवर्सिटी ने आरएसटी नागपुर को रोमांचक मुकाबले में पराजित किया। इसी तरह आल इंडिया के लिए पश्चिम क्षेत्र से क्वालीफाई करने वाली चार टीमों के मध्य दो शानदार लीग मुकाबले खेले गए, जिसमें भारतीय विद्यापीठ पुणे ने नांदेड़ को पराजित किया। दूसरा मुकाबला कोटा और मुंबई यूनिवर्सिटी के मध्य खेला गया जो रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंच कर टाई हो गया।

# भारत हिंदू राष्ट्र कामनार्थ बागेश्वर धाम में एक से 8 मार्च तक होगा महा महोत्सव

## श्री अति विष्णु महायज्ञ और पंचम कन्या विवाह महोत्सव की महाराज श्री ने बताई रूपरेखा



**छतरपुर।**

पूरी दुनिया के आस्था के केंद्र हम तो की तपो स्थली बागेश्वर धाम में आगामी 1 मार्च से 8 मार्च तक महा महोत्सवआयोजित होने जा रहा है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकार वार्ता में आयोजन की रुपरेखा बताई। एक से 8 मार्च तक श्री अति विष्णु महायज्ञ के साथ साथ कन्या विवाह महोत्सव आयोजित होगा।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारत हिंदू राष्ट्र कामनार्थ एक से 8 मार्च 2024 तक कन्या विवाह महोत्सव एवं श्री अति विष्णु महायज्ञ आयोजित होने जा रहा है। यह पंचम कन्या विवाह महोत्सव है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वह भारत पाक सीमा के पास एक स्थान पर गए थे जहां उन्होंने बीएसएफ बटालियन पहुंचे। यहां फौजियों ने महाराज जी से आग्रह किया कि सैनिकों और उनके परिवारों की खुशहाली के लिये भी बाला जी से प्रार्थना करें। महाराज श्री ने बताया कि अति विष्णु महायज्ञ देश के सैनिकों को समर्पित है और इस यज्ञ में सैनिकों के परिवारों को भी शामिल किया जाएगा। कैंसर हॉस्पिटल के सवाल पर महाराष्ट्र ने बताया कि जल्द ही होगी चिन्हित की जाएगी और 2029 तक हॉस्पिटल बनाने का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने खजुराहो, बागेश्वर धाम, जटाशंकर और भीमकुंड के लिये तीर्थ मार्ग से जोडने का मीडिया के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया। उन्होंने देश के सभी हिंदू से आग्रह किया कि वे जाति पाति में न बटकर एकजुट रहे। अपने माता-पिता की शान बढ़ाएं तभी देश की शान बढ़ेगी।

### 30 दिसंबर तक चलेगी श्रीमद भागवत कथा

देश के प्रख्यात कथावाचक डॉ श्याम सुंदर पाराशर के मुखारविंद से सप्त दिवस श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने का क्षेत्रवासियों को परम सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। 24 दिसंबर से यह कथा शुरू हुई है और हर रोज संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

### बच्चों ने पेंटिंग बनाकर दिखाई अनूठी कला



**ढड़ारी।** रविवार को ग्राम ढड़ारी के शास. मिडिल स्कूल मैदान में सेवा ही संकल्प समिति द्वारा तृतीय रविवार में खुशियों की पाठशाला का आयोजन किया गया । पाठशाला में बच्चों ने पिछले रविवार दिए गए टास्क अनुसार पेंटिंग्स बनाई, जिसमें से अच्छी पेंटिंग बनाकर लाने वाले बच्चों को उपहार दिए गए। इसके साथ ही बौद्धिक खेल, गायन आदि कलात्मक गतिविधियों में अपने हुनर को निखारना सीखा। समिति के लोकेश पुष्पकार ने जानकारी देते हुए बताया कि पाठशाला के द्वितीय चरण में बच्चों का अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है, प्रत्येक बच्चे में अनूठी प्रतिभा है, इन्हीं प्रतिभाओं को मंच देकर उन्हें आगे बढने हेतु प्रेरित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। इस रविवार को पाठशाला में सैकड़ों की संख्या में बच्चे- बच्चियां तथा समिति से नवदीप पाटकर, अमेय तिवारी, लखन अहिरवार, शिवम यादव, नीलेश तिवारी तथा रामकिंकर व्यास उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक 27 को

**बालाघाट।** जिला स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक 27 दिसम्बर को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जायेगी। बैठक में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों को बीज, खाद एवं ऋण सुविधा मुहैया कराने, धान उपार्जन की, कृषि विभाग के कार्यो की, विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों की, आत्मा परियोजना के जिले के बाहर व राज्य के बाहर भ्रमण के लक्ष्य, उद्यानिकी विभाग के कार्यो की, मत्स्य पालन विभाग के कार्यो की, कृषि उपज मंडी द्वारा किये गये कार्यो की व अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।

### 14 दिसम्बर को हुई मुठभेड़ की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**बालाघाट।** पिछले सप्ताह थाना गढ़ी क्षेत्र के कमकोददार जंगल क्षेत्र में प्रतिबंधित मावोवादी संगठन के कान्हा-भोरमदेव डिवीजन व मलाझखण्ड दलम के सक्रिय सशस्त्र नक्सलियों द्वारा पुलिस पर अंधाधुंद फायरिंग कर हमला किया गया। पुलिस द्वारा भी आत्मरक्षा करते हुये हुई मुठभेड़ में एक सशस्त्र पुलिस माओवादी की रायफल के साथ मृत पाया गया। घटना स्थल पर मृत पाये गये पुरुष की प्रथम दृष्टियॉ पहचान मलाजखंड दलम के एसीएम चैतू ऊर्फ हिड़मा मडकाम ग्राम पंपरा ब्लॉक भैरमगढ़ बीजापुर छत्तीसगढ़ के रूप में की गई है। घटना के बाद थाना गढ़ी में धारा 147,148,149 और 307 तथा भादवि के तहत 25,27 आर्मस एक्ट 1959, 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1960 की धारा-13 (1)(क), 13(1)(ख), 16,20 विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## कोसमी नहर से बायपास विकल्प की तलाश

# सांसद ने दिए कलेक्टर को निर्देश, नैनपुर में एडीआरएम कार्यालय खोलने रेलमंत्री से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के अलावा भविष्य में शहर में अन्य गर्रा, भटेरा और बैहर रोड पर रेलवे ओवरब्रिज बनना है। वर्तमान में ही सरेखा रेलवे ओवरब्रिज को लेकर फाटक बंद कर देने से यातायात को डायवर्ड करने की जो परेशानी आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए भविष्य की सोच को लेकर सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने गत दिवस सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कोसमी से देवटोला होकर लामता रोड पर निकलने वाले कोसमी से एरिकेशन की बेकार पड़ी नहर के दोनों ओर खाली पड़ी बड़ी जगह को बाइपास के विकल्प के रूप में तलाशन के निर्देश कलेक्टर को दिए है।



सांसद डॉ. बिसेन ने रविवार को कहा कि सरेखा ओवरब्रिज बनने के दौरान यातायात पर पड़ने वाले दबाव और जाम की स्थिति को देखते हुए 3 साल पहले डेंजर रोड को बाइपास के रूप में विकसित करने कहा था, लेकिन कतिपय कारणों से इसमें अड़चने पैदा हुई। बावजूद इसके उन्होंने अड़कर इसे बनाने की चिंता की, जो चौड़ा ना बनकर सकरा बन गया है। अन्यथा आज वह बायपास के रूप में एक बेहतर विकल्प हो सकता था।

सांसद डॉ. बिसेन ने कहा कि सरेखा ओवरब्रिज के निर्माण के चलते लालबर्रा और वारासिवनी की ओर जाने वाले बाइपास के लिए हमें इसका उपयोग अभी करना है। इसके लिए नवेगांव से गोंगलई के बीच मार्ग को ठीक किया जा रहा है। वहीं बंदरझिरिया के अंडरपास ब्रिज को छोटे वाहनों के निलकने के लिए दुरस्त किया जा रहा है, यहां जो कच्चा मार्ग है, उसे बनाया जाएगा।

इसके अलावा सरेखा अंडरपास ब्रिज की गति तेज करके जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश हमने रेलवे विभाग को दिया है। हमारी कोशिश होगी कि यहां से विकल्प के तौर पर दोपहिया और चौपहिया वाहन निकल सके।

उन्होंने कहा कि सरेखा ओवरब्रिज के निर्माण में यातायात की इस तरह की समस्या है और यदि शहर में अन्य स्थानों पर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाता है, तो यातायात की दुर्गती हो जाएगी। इसको लेकर हमने भविष्य का खाका भी तैयार किया है। इसके बाद से बैहर रोड की पानी टंकी के पास से जाने वाले बोदा मार्ग में पड़ने वाले रेलवे लाईन के अंडरपास ब्रिज के प्रस्ताव को भेजने के निर्देश दिए है। इसके लिए हम स्वयं भी प्रयास करेंगे।

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने कहा कि नैनपुर एडीआरएम कार्यालय को प्रारंभ करने को लेकर हमने रेलमंत्री और रेल अधिकारियों से व्यक्तिगत और लिखित में आवेदन देकर चर्चा की। भविष्य में यह बहुत उपयोगी होगा। नैनपुर में साढ़े 5 सौ एकड़ का लैंड पड़ा है, यदि इसका उपयोग कर यहां एडीआरएम का कार्यालय खुल जाता है तो इसका फायदा बालाघाट, सिवनी और मंडला जिले को मिलेगा। यह जिससे यहां गाड़ियों को चलाने सहित रेल से संबंधित अन्य सुविधाएं मिलने से यह एक मिडिल इंडिया के रूप में विकसित होगा।

### नवप्रवर्तन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी के लिये उच्च शिक्षण संस्थानों द्वारा गतिविधि प्रारंभ की गई है। देश के सभी डिग्री कॉलेज और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को विकसित भारत के लिए सरकार के माई गवर्नमेंट पोर्टल पर पंजीकृत करने का अभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय बालाघाट में नवप्रवर्तन, विज्ञान एवम्-प्रौद्योगिकी विषय पर परिचर्चा अयोजित की गई। प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना बालिका कार्यक्रम अधिकारी डॉ रानू राहंगडाले, श्रीमती अर्चना सोनी एवं श्रीमती संगीता राजपूत ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# अयोध्या राम मंदिर लोकार्पण पर जबलटोला में अक्षत कलश यात्रा संपन्न

### श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित हुई अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का लोकार्पण 22 जनवरी 2024 को होने जा रहा है। इसके उपलक्ष्य में अक्षत कलश सभी सनातनियों को निमंत्रण देने पहुंचाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से भगवान राम की नगरी अयोध्या से आये अक्षत कलश बालाघाट जिले के लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम जबलटोला की पावन धरा पर पहुंचा, जिसके बाद भव्य स्वागत के लिए और भगवान प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए 24 दिसंबर रविवार को दोपहर सभी सनातनी धर्मप्रेमी बंधु श्रीराम मंदिर जबलटोला पहुंचे, जहां से धार्मिक गीतों के साथ प्रभु श्रीराम के भजन आरती की धुन पर धर्म प्रेमी प्रभु श्रीराम के भजन कीर्तन करते हुए व प्रभु श्रीराम के जयघोष लगाते हुए उत्साह के साथ अक्षत कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो ग्राम के मुख्य मार्ग का भ्रमण कर पुनः श्रीराम मंदिर के पास मां गायत्री मंदिर पहुंची। जहां अक्षत कलश यात्रा पर जगह-जगह धर्मप्रेमी माता बहनें युवा बुजुर्ग बच्चों ने अपने घर से थाली सजाकर प्रभु श्रीराम के



छायाचित्र व अक्षत कलश पर तिलक वंदन कर पुष्प वर्षा की। सभी ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश को अपने सर पर रखने का सौभाग्य प्राप्त किया। मां गायत्री के मंदिर में ग्राम के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा प्रभु श्रीराम की आरती कर यात्रा का समापन हुआ।

इस अक्षत कलश यात्रा का उद्देश्य श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र स्थल अयोध्या में लंबे समय के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, 22 जनवरी 2024 को जिसका लोकार्पण होना सुनिश्चित किया गया है। इस दिन सर्व सनातन (हिंदू) समाज अपने-अपने गांव के मंदिरों को सजाएं व मंदिरों में भजन कीर्तन आरती कर एवं अपने-अपने घरों में भी दीपावली की तरह 11 दीपक जलाकर दीपावली उत्सव की तरह इस दिन भी प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में दीपावली जैसा उत्सव मनाने के लिए घर-घर संदेश देने हेतु यह अक्षत यात्रा देश के सभी स्थानों पर निकाली जा रही है।

### जन संकल्प, समर्पण और लेखनी की भूरि-भूरि प्रशंसा

# कलमकार हेमेन्द्र क्षीरसागर कलम से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जन चेतना, जन कल्याण और समग्र विकास में कलम का विशेष महत्व होता है कालांतर से कलम ने अपनी उपयोगिता हर जगह सिद्ध की है। ऐसे ही कलम के सिपाही, पत्रकारिता के विद्यार्थी पत्रकार, लेखक और स्तंभकार हेमेन्द्र क्षीरसागर ने अपनी लेखनी के माध्यम से नवजागरण में अपना हम योगदान दिया है। चाहे वह पत्रकारिता हो या ज्वलंत विषयों पर आलेख हो या सामाजिक कार्य हो हर क्षेत्र में कलमकार हेमेन्द्र क्षीरसागर की भूमिका प्रेरणादाई रही।



जिसे याद करते हुए कल सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले युवाओं ने एक चिंतन बैठक नगर स्टेडियम ग्राउंड परिसर में आयोजित कर विभिन्न सम सामयिक विषयों पर चर्चा की। इस दौरान प्रमुख तौर पर उपस्थित सुमित यादव, सिद्धांत पाटिल, खेमेन्द्र गौतम, अखिलेश चौरे, अनमोल रामटेके, शशि कुमार, राघवेंद्र भलावी, विजय बिसेन, जैनेन्द्र कटरे, जुगनू जायसवाल, जितेंद्र चौधरी, सुधीर चौधरी, कमलेश लिल्हारे, सिद्धार्थ वाजपेई, महेन्द्र लिल्हारे और ईशुलाल धावडे ने हेमेन्द्र क्षीरसागर पत्रकार, लेखक और स्तंभकार को कलम और डायरी देकर सम्मानित किया गया। जहां उपस्थित जनों ने एक स्वर में कलमकार हेमेन्द्र क्षीरसागर के जन संकल्प, समर्पण और लेखनी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। भाव विभोर हेमेन्द्र क्षीरसागर ने सभी का आत्मीय आभार प्रकट किया।

# 30वॉ द्विवार्षिक संभागीय अधिवेशन प्रधान डाकघर बालाघाट के सभागार में हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

24दिसम्बर को अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ का 30वॉ द्विवार्षिक संभागीय अधिवेशन प्रधान डाकघर बालाघाट के सभागार में आयोजित किया गया प्रांतीय सचिव श्री बी एस शाक्य भोपाल के मुख्य आतिथ्य में नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष श्री आशीष वासनिक सचिव श्री प्रशांत विश्वास और कोषाध्यक्ष श्री के के बसीने सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित किए गए।



### काशी-तमिल समागम विकली ट्रेन के प्रारंभ होने पर जताया आभार

# भोपाल, रायपुर और नागपुर के बीच चलाई जाए सीधी ट्रेन, रेलवे सलाहकार समिति ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

### रीवा-ईतवारी ट्रेन का लामता और घंसौर में होगा स्टॉपेज, यात्री ट्रेनो को बढ़ाने किया जा रहा प्रयास : सांसद बिसेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले के रेलयात्रियों की सुविधाओं को लेकर गंभीर रेलवे स्टेशन सलाहकारी समिति ने बिलासपुर रेलवे जोन सलाहकार समिति सदस्य मोनिल जैन, नागपुर रेलमंडल सलाहकार समिति सदस्य अरूण राहंगडाले के नेतृत्व में 24 दिसंबर को जिले के सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन से सर्किट हाउस में मुलाकात कर जिले से भोपाल, रायपुर और नागपुर के लिए सीधी रेल सेवा की मांग रखी। इसके अलावा रेलसुविधाओं से जुड़े अन्य विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की। इस दौरान रेलवे सलाहकार समिति सदस्य गिरीराज रंगलानी, मनोज क्षीरसागर, सुनील कोरे, तुर्राब खान मौजूद थे।



रेलवे सलाहकार समिति सदस्यों ने हाल में प्रारंभ हुई काशी-तमिल समागम विकली ट्रेन के बालाघाट स्टॉपेज मिलने पर सांसद का आभार जताया। वहीं नए रेलमार्ग पर भोपाल, रायपुर और नागपुर के लिए सीधी ट्रेन चलाए जाने पर चर्चा की है।

सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने आश्वस्त किया कि वह लगातार प्रयासरत है कि नई रेलमार्ग पर जिले से लंबी दूरी की ट्रेन चलाई जाए। हमने रेलमंत्री से मिलकर नए रेलमार्ग पर ट्रेन चलाए जाने को लेकर चर्चा की है। थर्ड लाईन के बाद सरकार ने कई नई ट्रेनो के चलाए जाने को लेकर प्रपोजल बनाया है, हमें निश्चित ही आगामी समय में कई नई गाड़ियां मिलेगी। वहीं गोंदिया से लेकर जबलपुर तक दोहरी लाईन की हमे जल्द ही स्वीकृति मिल जाएगी। चूंकि इस नए रेलमार्ग से गुड्स ट्रेनो के चलने से रेलवे भी इस मार्ग की उपयोगिता को समझ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में रेलवे से लेकर फोरलेन और सिक्स लेकन का काम तेजी से चल रहा है।

सांसद डॉ. बिसेन ने बताया कि हम बालाघाट-ईतवारी ट्रेन को कटंगी-तिरोड़ी-तुमसर होते हुए नागपुर चलाने के प्रयास में है, जिसको लेकर हम प्रयासरत है और उम्मीद है कि यह प्रयास हमारा सफल होगा। वहीं उन्होंने बताया कि रीवा-ईतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का घंसौर और लामता में स्टॉपेज को लेकर हरी झंडी मिल गई है।

### रेलवे सलाहकार समिति ने यह रखी मांग

जिले के रेलयात्रियों की सुविधा को लेकर रेल सलाहकार समिति सदस्यों गोंदिया रायगढ़ जनशताब्दी, पातालकोट एक्सप्रेस एवं पेचवैली एक्सप्रेस का बालाघाट तक विस्तार, जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस को जबलपुर से घंसौर, नैनपुर होते हुए बालाघाट तक चलाए जाने, सोमनाथ एक्सप्रेस एवं दयोदय एक्सप्रेस का बालाघाट-गोंदिया तक विस्तार, जबलपुर चांदाफोर्ट का विस्तार हैदराबाद एवं सिकंदराबाद तक किया जाने, इंदौर से भोपाल-जबलपुर होते हुए बालाघाट गोंदिया के रास्ते बिलासपुर तक जाने वाली नवीन वन्दे भारत तत्काल प्रारंभ किए जाने, गढ़ा ट्रेन का विस्तार जबलपुर तक किया जाने, अयोध्या में राम मंदिर पूजन के लिए एक विशेष ट्रेन तीर्थयात्रियों के लिए चलाए जाने, अमृत भारत योजन के अंतर्गत बालाघाट स्टेशन का विस्तार, गुड्स शेड का गर्रा स्थानांतरण, बालाघाट स्टेशन की दूसरे और नवीन स्टेशन बिल्डिंग का तत्काल स्वीकृति करा कर निर्माण किया जाने और बालाघाट स्टेशन में यात्री सुविधा के लिए नवीन एक्सीलेटर लिफ्ट युक्त नवीन एफओबी का निर्माण किए जाने की मांग की गई है।

# अन्नपूर्णा मंदिर में अगहन पर्व का समापन कल

### माता को अर्पित किया जाएगा 56 भोग का नैवेद्य, भजन-कीर्तन के बाद होगा महा प्रसादी का वितरण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर के रामगली में स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मां अन्नपूर्णा में मंदिर में एक माह से चल रहे अगहन पर्व का समापन मंगलवार को किया जाएगा। अगहन पर्व में मंदिर में एक माह के दौरान सैकड़ों अखंड ज्योति कलश विराजित किए गए। इस दौरान महिलाओं ने निरंतर पूजन-पाठ और भजन कीर्तन कर महा प्रसादी का वितरण किया।

पर्व के समापन पर मंगलवार सुबह 10 बजे से हवन के बाद महा आरती और मां अन्न पूर्णा को 56 भोग का नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। इसके बाद विराजित अखंड ज्योति कलशों का बाजे गाजे के साथ विसर्जन किया जाएगा। दोपहर तीन बजे से अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

मंदिर समिति अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि अगहन पर्व पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही अनुष्ठान भी किए जा रहे है। अगहन पर्व के समापन पर होने वाले हवन, पूजन, महाआरती, कलश विसर्जन और महा प्रसाद वितरण कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

इस दौरान मंदिर समिति सचिव सुशील वर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप नेमा, उपाध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, ओम सोनी, संयोजक आलोक नेमा और अन्नपूर्णा युवा मंडल, अन्नपूर्णा महिला मंडल के सदस्यों ने जिले के देवी भक्तों से उपस्थित होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

### कल विद्यालयों में मनाया जायेगा वीर बाल दिवस कार्यक्रम

**बालाघाट।** सिक्खों के दसवें व अंतिम गुरू गुरूगोविंद सिंह जी के छोटे पुत्रों द्वारा दिये गये बलिदान के संबंध में विद्यार्थियों को गाथा सुनाने के लिये जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 26 दिसम्बर 2023 को वीर बाल दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर इस विषय के जानकार व्यक्तियों द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की जायेगी। इस दिन विद्यालयों में किसी एक कालखण्ड में स्कूली विद्यार्थियों के लिये श्री गुरूगोविंद सिंह जी के जीवन पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा व चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा।

### जिला विद्युत समिति की बैठक में सांसद ने किसानों के लिए विद्युत की उपयोगिता पर जोर दिया

# भारत शासन की पाई-पाई जनता की है, जनता के हित में उपयोग होनी चाहिए: सांसद ड़ॉ.बिसेन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सांसद ड़ॉ. ढालसिंह बिसेन ने गत देर शाम तक आयोजित हुई जिला विद्युत समिति की बैठक में किसानो के लिए बिजली की आवश्यकता के सम्बंध में मप्र विद्युत मंडल से कहा कि जहाँ लाइन नहीं पहुँची हो वहां लाइट पहुँचाने के प्रयास करें। भारत शासन द्वारा ऐसे क्षेत्रों व गांवों में विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्युत प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। भारत शासन की पाई-पाई जनता की है। यह पैसा उनकी भलाई में ही काम आना चाहिए। ट्रान्सफार्मर लगाकर किसानों को कनेक्शन देने पर विभाग फोकस हो। बैठक के दौरान कटंगी विधायक श्री गौरव बिसेन ने कहा कि पुराने ट्रान्सफार्मर बदलने का कार्य करना होगा। जहां-जहाँ पुराने और डिफेक्टिव है। उन्हें बदलने का कार्य करें।

### वर्ष 2025-26 तक 409 करोड़ रुपये का व्यय होगा

विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री ने विद्युत समिति की बैठक में बताया कि विद्युत आधुनिकीकरण के लिए वर्ष 2025-26 तक जिले में कुल 409 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगें। इसमें औसत तकनीकी एवं वाणिज्य हानि जो अभी 35.79 प्रतिशत को 9.23 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। औसत विद्युत प्रदाय लागत के अंतर को शून्य किया जाएगा। आरडीएसएस से जिले में तीन प्रारूपों पर कार्य करना प्रस्तावित है। हानियों को कम करने का कार्य, प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण के कार्य और स्मार्ट मीटर्स का कार्य करना।

### वितरण प्रणाली को मजबूत कर हानियों को कम करने के लिए कार्य प्रचलित

बैठक के दौरान प्रस्तावित कार्यो के संबंध में बताया गया। इसमें मीटरिंग कार्य, नये सबस्टेशनों का निर्माण,सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि, उच्च हानि वाले क्षेत्रों में केबलीकरण किया जायेगा, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की,फीडरों को पृथक्करण, जो तार पुराने एवं खराब हो चुके है उन्हें बदलना, उच्चदाब लाइनों का विस्तार करना, उपकेन्द्रों में कैपेसिटर बैंक लगाने एवं आवश्यकता अनुसार नये फीडर निकालने का कार्य। शहरी क्षेत्रों में भूमिगत केबल बिछाने का कार्य। सिस्टम को मजबूत करने और नुकसान में कमी के लिए आवश्यक कोई अन्य कार्य सभी सबस्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है।

# क्रिसमस : कैथोलिक और मेथोडिस्ट चर्च में होगी विशेष आराधना; यीशु के जन्म की बधाई देंगे लोग

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के दोनों चर्च में ईसाई समाज में सोमवार को क्रिसमस मनाएगा। कैथोलिक और मेथोडिस्ट चर्च में ईसा मसीह के जन्म की खुशी मनाई जाएगी। इसको लेकर 19 दिसंबर से कैरोल सिगिंग से क्रिसमय के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई है।



23 दिसंबर को प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित प्रसंगों पर ड्रामा और अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। 24 दिसंबर को सांता क्लाज ने गिफ्ट दिए। 25 दिसंबर को क्रिसमस पर ईसाई धर्मावलंबी चर्च पहुंचकर बधाई देंगे। 24 दिसंबर को ज्योति आराधना और आज 25 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक आराधना होगी। यह ईसाई धर्मावलंबियों का सबसे बड़ा त्यौहार है।

मेथोडिस्ट चर्च के पास्टर इंचार्ज रेव्ह.सुरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष क्रिसमस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार की सुबह सामूहिक आराधना के बाद केक कटिंग का कार्यक्रम होगा। 1 जनवरी तक कार्यक्रम होंगे।

कैथोलिक चर्च इंचार्ज लीजु एंथनी ने बताया कि क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु का संदेश लेकर नगर में एक रैली निकाली। रविवार की रात प्रभु के संदेश को लेकर प्रार्थना पूजा की जाएगी और उनका जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सोमवार को सुबह से शाम तक लोग एक दूसरे को क्रिसमस विश करेंगे और विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन को प्रभु यीशु का संदेश दिया जा रहा है।